अमर उजाला
बरेली
मंगलवार, 4 अप्रैल 2023
चैत्र शुक्ल-त्रयोदशी
विक्रम संवत-2080

Page No. 03 : Middle

■ **क्रिकेटः** श्रीराम मूर्ति मेमोरियल टी-20 क्रिकेट प्रतियोगिता एसआरएमएस स्टेडियम में सुबह 9 बजे।

Page No. 06 : Middle

एसआरएमएस ने गंगाशील टीम को 96 रन से हराकर जीता मुकाबला

एसआरएमएस मैदान पर क्रिकेट प्रतियोगिता में शॉट लगाता खिलाड़ी। संवाद

बरेली। श्रीराममूर्ति मैमोरियल टी-20 क्रिकेट टूर्नामेंट में सोमवार को एसआरएमएस एकेडमी ने गंगाशील पर 96 रन से जीत दर्ज की। प्लेयर ऑफ द मैच हर्ष राणा ने 74 रन की पारी खेली, दो विकेट भी लिए।

एसआरएमएस स्टेडियम में चल रहे टूर्नामेंट के पांचवें दिन सोमवार को एसआरएमएस क्रिकेट एकेडमी और गंगाशील क्रिकेट एकेडमी के बीच मुकाबला हुआ। गंगाशील क्रिकेट एकेडमी ने टॉस जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण का फैसला किया। हर्ष राणा ने 74 रनों की बदौलत एसआरएमएस की टीम ने सात विकेट के नुकसान पर 20 ओवर में 178 रन का लक्ष्य रखा।

गंगाशील की ओर से ध्रुव कुंडरिया और लक्ष्य अरोड़ा ने दो-दो विकेट लिए। गंगाशील की टीम के पहले ओवर से ही विकेट गिरते चले गए। टीम 19.3 ओवर में केवल 82 रन पर ही सिमट गई। इसके चलते एसआरएमएस की टीम 96 रन से विजयी रही। संवाद

टूर्नामेंट में आज

पहला मैच : सुबह 9 बजे, 22 यार्डर्स व गंगाशील क्रिकेट एकेडमी।

दूसरा मैच : दोपहर 12 बजे, आईके कलेक्शन और एयरफोर्स।

छह अप्रैल को होंगे अंडर-16 ट्रायल

बरेली। बरेली क्रिकेट एसोसिएशन की ओर से अंडर-16 बालक वर्ग के ट्रायल छह अप्रैल को एसआरएमएस मैदान में कराया जा रहे हैं। अंडर-16 बरेली क्रिकेट टीम बनाई जाएगी। बरेली क्रिकेट एसोसिएशन के सचिव सीताराम सक्सेना ने बताया कि इस बार पंजीकृत खिलाड़ी ही ट्रायल में भाग ले सकते हैं। मैदान पर कोई नई एंट्री नहीं ली जाएगी। संवाद